प्रदेश में उक्त विषय पर गठित एस.एल.बी.सी. की उपसमिति की बैठक दिनांक 30.10.2026 को आयोजित की गयी। बैठक के दौरान योजनांतर्गत प्रदेश के चयनित जनपदों में ऋण प्रवाह में वृद्धि लाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु विशेष जोर दिया गया।

2. एग्रीक्लीनिक/ एग्रीबिज़नेस केन्द्र
Agriclinic & Agribusiness Centre

कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित इस केन्द्रीय सेक्टर योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देश नाबार्ड, केन्द्रीय कार्यालय, मुम्बई के परिपत्र संख्या 145/आईसीडी-35/2011 दिनांक 02.08.2011 के माध्यम से निर्गत किये गये है। उल्लेखनीय है कि इस योजनान्तर्गत कृषि संकाय के स्नातकों, डिप्लोमा होल्डर्स इत्यादि को कृषि क्लीनिक व कृषि व्यवसाय प्रारम्भ करने हेतु National Institute of Agricultural Extension Management (MANAGE) के माध्यम से 2 माह का पूर्णत: नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है व तत्पश्चात बैंक ऋण के माध्यम से जोड़ने का प्रावधान है। योजनांतर्गत बैंक वित्त पोषित लाभ्यार्थियों को भारत सरकार से 36 से 44% तक के अनुदान का भी प्रावधान है।

इस योजना के माध्यम से बैंकों द्वारा जहाँ एक ओर स्वरोज़गार स्थापना को बढावा मिलेगा वहीं दूसरी ओर कृषि क्षेत्र में ऋण की संभावनाओं में भी वृद्धि होगी। अत: बैंकों का अपेक्षित सहयोग आवश्यक है। योजना की विस्तृत जानकारी व दिशानिर्देश वेबसाइट www.manage.gov.in पर उपलब्ध है।

योजनान्तर्गत बैंकवार प्रगति संलग्नक - 3 के माध्यम से प्रस्तुत है जिसके अनुसार सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही तक 55 आवेदनों (रु 215.22 लाख) में स्वीकृति किया गया हैं।

Agenda No. 2

Annexure - 3

AC&ABC - Status Report as on 30.09.2026 for FY 2026-27 (from 01.04.2026 to 30.09.2026)

Sr. No.	Name of the Bank	Sanctioned by RO (From 01.04.2026 to 30.09.2026)		Total disbursed (From 01.04.2026 to 30.09.2026)		Under Correspondence with banks for completion of documentation	
		No. of accounts (actual)	Amount (In lakh)	No. of accounts (actual)	Amount (In lakh)	No. of accounts (actual)	Amount (In lakh)
1	Bank of Baroda	1	2.52	11	41.16	2	7.20
2	Bank of India	6	21.75	6	22.78	3	10.80
3	Canara Bank	3	13.13	5	17.98	0	0.00
4	Central Bank of India	1	1.27	3	12.30	1	3.60
5	Indian Overseas Bank	0	0.00	1	3.60	0	0.00
6	Indian Bank	0	0.00	4	12.96	0	0.00
7	Punjab National Bank	7	20.68	19	72.63	0	0.00
8	State Bank of India	8	36.33	23	87.14	4	14.40
9	Union Bank of India	9	40.15	5	14.02	0	0.00
10	UCO Bank	0	0.00	1	8.80	0	0.00
11	HDFC Bank	0	0.00	8	31.63	1	3.60
12	UP Gramin Bank	20	79.39	47	166.73	9	31.40
	Total	**55**	**215.22**	**133**	**491.73**	**20**	**71.00**

3. ग्रामीण भंडारण हेतु कैपिटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी योजना

Capital Investment Subsidy Scheme for Rural Warehouse

भारत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों के भण्डारण हेतु गोदामों के निर्माण, नवीनीकरण अथवा भण्डारण क्षमता के विस्तार हेतु एक विशेष योजना - कैपिटल इन्वेस्टमेंट सब्सिडी स्कीम लागू की है।

इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों में कृषि उपज और संसाधित कृषि उत्पादों के भंडारण की किसानों की जरूरतें पूरी करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अनुषंगी सुविधाओं के साथ वैज्ञानिक भंडारण क्षमता का निर्माण; कृषि उपज के बाजार मूल्य में सुधार के लिए ग्रेडिंग, मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण को बढ़ावा देना; वायदा वित्त व्यवस्था और बाजार ऋण सुविधा प्रदान करते हुए फसल कटाई के तत्काल बाद संकट और दबावों के कारण फसल बेचने की किसानों की मजबूरी समाप्त करना; कृषि जिन्सों के संदर्भ में राष्ट्रीय गोदाम प्रणाली प्राप्तियों की शुरूआत करते हुए देश में कृषि विपणन ढांचा मजबूत करना शामिल है। नाबार्ड द्वारा इस योजना का समन्वय किया जा रहा है जिसमें 15 से 25 प्रतिशत (अधिकतम रू 37.50 लाख) बैक द्वारा प्रदत्त अनुदान का प्रावधान है जो 100 से 10000 टन क्षमता की इकाईयों के निर्माण हेतु प्रदान की जाती है। इस योजना की महत्ता के दृष्टिगत सभी बैंको द्वारा सक्रिय सहयोग व सहभागिता आवश्यक है ताकि प्रदेश की जनता को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

4. कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड योजना

Agriculture Infrastraucture Fund Scheme

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह एक अनूठी योजना है। इस योजना का उद्देश्य पूरे देश में कृषि क्षेत्र हेतु आधारभूत संरचनाओं का विकास करना है। भारत सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत रू 1 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ कृषि क्षेत्र में कार्यरत कृषकों, कृषि उत्पादक संगठन, प्राथमिक कृषि ऋण समिति, सहकारी विपणन समिति, बहुउद्देशीय सहकारी इत्यादि द्वारा लिया जा सकता है। योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा पात्र ईकाईयों को रू 2 करोड़ तक का ऋण सम्पार्श्विक प्रतिभूति के बिना प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा रू 2 करोड़ तक की ऋण सीमा पर 3% का ब्याज उपादान भी प्रदान किया जाता है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा भी कृषि समंवित विकास योजना के अंतर्गत 3% का ब्याज उपादान की सुविधा प्रदान की जा रही है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उक्त योजना को दिनांक 31.03.2027 तक या 16वें वित्त आयोग चक्र हेतु योजना के अनुमोदन की तिथि तक (जो भी पहले हो) अस्थायी रूप से बढ़ाये जाने से अवगत कराया गया है। भारत सरकार के निर्देशानुसार बढ़ी हुई अवधि (12 माह) के लिए बैंकवार लक्ष्यों का आवंटन करते हुए प्रदेश को कुल रू 3,536.57 करोड़ का ऋण वितरण किए जाने का लक्ष्य प्रदान किया गया है। एस.एल.बी.सी. द्वारा संबन्धित दिशा निर्देशों से समस्त बैंको को अवगत कराया जा चुका है। बैंको से अनुरोध है कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक लोगो को योजना का लाभ प्रदान करे जिससे वर्तमान वर्ष हेतु आवंटित लक्ष्यो को भी हासिल किया जा सके।

योजना के अंतर्गत लाभार्थी ऋण आवेदन को सी.पी.एम.यू. द्वारा सत्यापित होने के पश्चात बैंक स्तर से 75 दिनों तक स्वीकृत/निरस्त न होने की स्थिति मे पुन: अन्य बैंक में कर सकता है।

योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 30.09.2026 तक की अद्यतन प्रगति संलग्नक - 4 के माध्यम से प्रस्तुत है। संक्षेप में योजना के प्रारम्भ से प्रगति निम्नवत है :

स्वीकृत		वितरित	
खातो की संख्या	धनराशि (करोड़ मे)	खातो की संख्या	धनराशि (करोड़ मे)
18697	10789.83	17321	7375.70

Agenda No. 2

Annexure- 4

Bank wise status for FY 26-27 as on 30.09.2026 (amt in Cr.)

Sr. No.	Bank Name	Target For FY 2026-27	Sanctioned Application		% Ach	Verified Application Pendency	
		Amt	No.	Amt		No.	Amt
1	UCO Bank	37.88	105	75.80	200.11%	40	25.81
2	Canara Bank	232.71	114	260.62	111.99%	22	22.60
3	Bank Of India	104.67	618	166.31	158.89%	71	28.57
4	Punjab National Bank	260.73	428	247.10	94.77%	304	99.82
5	State Bank of India	257.84	479	252.78	98.04%	460	141.24
6	Punjab and Sind Bank	84.15	27	39.45	46.88%	18	7.31
7	Central Bank Of India	179.78	38	65.68	36.53%	21	10.42
8	Bank Of Baroda	343.91	322	136.94	39.82%	271	67.03
9	Kotak Mahindra Bank	54.35	2	11.83	21.77%	2	3.10
10	Indian Bank	355.67	95	81.48	22.91%	24	9.73
11	Bank of Maharashtra	53.96	8	14.02	25.98%	2	0.82
12	NCDC	1.00	3	0.49	49.00%	4	3.93
13	Union Bank of India	412.50	184	56.87	13.79%	98	35.23
14	IDBI BANK LTD	33.26	9	3.17	9.53%	11	11.15
15	Indian Overseas Bank	100.28	8	8.55	8.53%	7	5.33
16	Uttar Pradesh Gramin Bank	470.88	352	38.56	8.19%	28	6.29
17	HDFC Bank	257.68	5	14.61	5.67%	140	125.85
18	Axis Bank	159.60	13	13.12	8.22%	10	12.26
19	ICICI Bank	135.73	6	7.02	5.17%	8	1.67
Grand Total		**3536.58**	**2816**	**1494.40**	**42.26%**	**1541**	**618.16**

(ख) सरकार प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रवाह एवं इन योजनाओं का प्रभाव

Discussion on lending under Government Sponsored Schemes and their impact

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (National Rural Livelihood Mission-NRLM)

- दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM), ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य गरीबों के सतत सामुदायिक संस्थानों की स्थापना करना तथा इसके माध्यम से ग्रामीण गरीबी समाप्त करना तथा आजीविका के विविध स्रोतों को प्रोत्साहन देना है।

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (National Rural Livelihood Mission - NRLM) का क्रियान्वयन प्रदेश के समस्त जनपदों में intensive आधार पर किया जा रहा है। बैंको द्वारा ग्रामीण विकास की इस महत्त्वपूर्ण योजना के अंतर्गत समग्र योगदान व सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

- वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान सितम्बर 2026 तक योजनांतर्गत प्रगति संलग्नक – 5 (a & b) के माध्यम से प्रस्तुत है। नोडल ऐजेंसी के साथ उचित समंवय के द्वारा इस कार्यक्रम में निरंतर प्रगति अर्जित की जा रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार समेकित प्रगति निम्नानुसार है :

(धनराशि लाख में)

Sr. No.	Target 2026-27 (Credit Linkage)		Achievement (Credit Linkage)	
	No. of SHGs	Disb. Amt.	No. of SHGs	Disb. Amt.
1.	2,70,000	6,05,000.00	1,56,761	1,62,834

- प्रगति रिपोर्ट के अवलोकन से ज्ञात होता है कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान निर्धारित कुल लक्ष्य -2,70,000- के सापेक्ष -1,56,761- (58%) स्वयं सहायता समूहों को रु. 1,628 करोड़ (27%) वित्त पोषण किया गया है।

Agenda No.2

Annexure-5 (a)

NATIONAL RURAL LIVELIHOODS MISSSION BANK LINKAGE

Bank Wise Achievement Report - September 2026

(Amount in Lakhs)

Sr. No.	Bank Name	Target		Achievement		Percentage(%)	
		Total SHG's	Total Disbursement Amt.	Total SHGs	Total Disbursement Amt.	Account	Total Disbursement
1	BANK OF BARODA	16210	27200.00	14222	9618.25	87.74	35.36
2	BANK OF INDIA	7910	13500.00	5250	5351.41	66.37	39.64
3	BANK OF MAHARASHTRA	280	500.00	140	316.18	50.00	63.24
4	CANARA BANK	10210	16700.00	8372	9524.15	82.00	57.03
5	CENTRAL BANK OF INDIA	7130	12300.00	6097	11237.70	85.51	91.36
6	INDIAN BANK	32060	35100.00	5576	6013.43	17.39	17.13
7	INDIAN OVERSEAS BANK	970	1600.00	341	455.56	35.15	28.47
8	PUNJAB AND SIND BANK	1250	2600.00	862	1044.15	68.96	40.16
9	PUNJAB NATIONAL BANK	16020	27100.00	17284	17680.77	100.00	65.24
10	STATE BANK OF INDIA	28720	27900.00	14895	24376.40	51.86	87.37
11	UCO BANK	1680	2800.00	1444	3079.20	85.95	100.00
12	UNION BANK OF INDIA	27500	26200.00	4564	6378.03	16.60	24.34
	Public Sector Bank	**149940**	**193500**	**79047**	**95075.23**	**52.72**	**49.13**
13	UTTAR PRADESH GRAMIN BANK	119080	410000.00	76079	66144.24	63.89	16.13
	Regional Rural Bank	**119080**	**410000.00**	**76079**	**66144.24**	**63.89**	**16.13**
14	HDFC BANK LTD	0	0.00	0	0.00	0.00	0.00
15	ICICI BANK LTD	0	0.00	0	0.00	0.00	0.00
16	IDBI BANK LTD	0	0.00	0	0.00	0.00	0.00
17	THE NAINITAL BANK LIMITED	0	0.00	3	2.10	100.00	100.00
	Private Sector Bank	**0**	**0.00**	**3**	**2.1**	**100.00**	**100.00**
18	UTTAR PRADESH CO-OP APEX BANK LTD	980	1500.00	1632	1612.35	100.00	100.00
	Coperative Bank	**980**	**1500.00**	**1632**	**1612.35**	**100.00**	**100.00**
	Grand Total	**270000**	**605000.00**	**156761**	**162833.92**	**58.06**	**26.91**

Agenda No.2

Annexure-5 (b)

NATIONAL RURAL LIVELIHOODS MISSSION BANK LINKAGE

District Wise Achievement Report September 2026

(Amount in Lakhs)

Sr. No.	Name of District	Target		Achievement		Achievement Percentage (%)	
		Account	Disbursement Amt.	Account	Disbursement Amt.	Account	Disbursement Amt.
1	AGRA	4,895	11,070.00	3,508	5,568.21	71.66	50.30
2	ALIGARH	5,623	12,716.00	2,630	2,850.33	46.77	22.42
3	AMBEDKAR NAGAR	4,538	10,160.00	4,194	3,242.33	92.42	31.91
4	AMETHI	2,736	6,153.00	1,479	1,273.25	54.06	20.69
5	AMROHA	1,783	4,011.00	1,075	912.04	60.29	22.74
6	AURAIYA	3,233	7,246.00	2,440	2,625.18	75.47	36.23
7	AYODHYA	3,406	7,664.00	3,011	2,540.45	88.40	33.15
8	AZAMGARH	6,774	15,234.00	3,455	3,734.37	51.00	24.51
9	BAGHPAT	2,010	4,522.00	1,368	1,334.25	68.06	29.51
10	BAHRAICH	4,010	9,018.00	1,255	1,204.71	31.30	13.36
11	BALLIA	4,222	9,464.00	3,778	4,210.40	89.48	44.49
12	BALRAMPUR	2,434	5,474.00	979	712.34	40.22	13.01
13	BANDA	3,208	7,183.00	506	568.99	15.77	7.92
14	BARABANKI	6,784	15,189.00	1,887	1,599.25	27.82	10.53
15	BAREILLY	3,736	8,366.00	2,374	2,982.75	63.54	35.65
16	BASTI	5,123	11,471.00	4,780	3,535.36	93.30	30.82
17	BIJNOR	5,812	13,012.00	5,309	6,514.16	91.35	50.06
18	BUDAUN	6,075	13,603.00	2,379	2,313.70	39.16	17.01
19	BULANDSHAHR	3,773	8,449.00	2,489	2,983.01	65.97	35.31
20	CHANDAULI	3,808	8,525.00	950	955.64	24.95	11.21
21	CHITRAKOOT	2,199	4,923.00	606	673.22	27.56	13.67
22	DEORIA	5,255	11,766.00	4,912	4,910.01	93.47	41.73
23	ETAH	1,528	3,420.00	757	640.38	49.54	18.72
24	ETAWAH	3,208	7,183.00	2,366	3,548.08	73.75	49.40
25	FARRUKHABAD	2,102	4,706.00	804	867.55	38.25	18.43
26	FATEHPUR	4,924	11,027.00	2,886	2,357.14	58.61	21.38
27	FIROZABAD	2,743	6,142.00	863	1,104.34	31.46	17.98
28	GAUTAM BUDDHA NAGAR	794	1,776.00	423	489.53	53.27	27.56
29	GHAZIABAD	1,086	2,430.00	511	622.14	47.05	25.60
30	GHAZIPUR	2,736	6,126.00	2,032	2,279.99	74.27	37.22
31	GONDA	4,349	9,739.00	1,109	954.16	25.50	9.80
32	GORAKHPUR	6,322	14,154.00	5,116	5,545.29	80.92	39.18
33	HAMIRPUR	3,198	7,161.00	401	360.23	12.54	5.03
34	HAPUR	1,283	2,873.00	717	813.38	55.88	28.31
35	HARDOI	6,765	15,146.00	2,421	1,801.71	35.79	11.90
36	HATHRAS	1,115	2,495.00	576	754.74	51.66	30.25
37	JALAUN	3,230	7,232.00	1,001	1,125.83	30.99	15.57
38	JAUNPUR	4,982	11,155.00	4,197	4,898.32	84.24	43.91
39	JHANSI	2,562	5,736.00	1,083	1,292.51	42.27	22.53
40	KANNAUJ	3,574	8,003.00	2,345	3,019.35	65.61	37.73
41	KANPUR DEHAT	2,175	4,869.00	1,391	1,504.05	63.95	30.89
42	KANPUR NAGAR	1,986	4,446.00	1,064	1,300.78	53.58	29.26
43	KASGANJ	1,323	2,963.00	532	671.42	40.21	22.66
44	KAUSHAMBI	2,006	4,488.00	1,837	1,618.56	91.58	36.06
45	KHERI	8,642	19,349.00	3,350	3,608.18	38.76	18.65
46	KUSHI NAGAR	4,113	9,208.00	3,544	3,740.47	86.17	40.62
47	LALITPUR	2,723	6,097.00	1,535	2,458.20	56.37	40.32
48	LUCKNOW	3,357	7,515.00	1,413	1,597.93	42.09	21.26
49	MAHARAJGANJ	3,838	8,594.00	4,922	4,320.33	100.00	50.27
50	MAHOBA	1,637	3,662.00	337	418.91	20.59	11.44
51	MAINPURI	3,857	8,637.00	1,791	2,138.14	46.44	24.76
52	MATHURA	2,128	4,764.00	1,519	2,198.91	71.38	46.16
53	MAU	2,592	5,801.00	1,838	2,271.39	70.91	39.16
54	MEERUT	2,714	6,077.00	1,589	1,982.37	58.55	32.62
55	MIRZAPUR	5,238	11,728.00	2,692	3,000.62	51.39	25.59
56	MORADABAD	3,642	8,151.00	1,017	1,045.98	27.92	12.83
57	MUZAFFARNAGAR	2,090	4,679.00	948	1,102.26	45.36	23.56
58	PILIBHIT	2,912	6,520.00	1,707	2,127.85	58.62	32.64
59	PRATAPGARH	4,321	9,674.00	2,908	2,800.35	67.30	28.95
60	PRAYAGRAJ	7,384	16,533.00	5,789	4,720.55	78.40	28.55
61	RAE BARELI	3,800	8,509.00	2,265	1,838.33	59.61	21.60
62	RAMPUR	2,109	4,721.00	1,006	663.72	47.70	14.06
63	SAHARANPUR	3,187	7,134.00	2,452	3,346.55	76.94	46.91
64	SAMBHAL	2,705	6,054.00	781	600.78	28.87	9.92
65	SANT KABEER NAGAR	3,177	7,114.00	2,180	2,093.78	68.62	29.43
66	SANT RAVIDAS NAGAR	1,910	4,276.00	2,511	2,730.76	100.00	63.86
67	SHAHJAHANPUR	4,557	10,203.00	1,849	1,604.17	40.57	15.72
68	SHAMLI	1,683	3,769.00	719	514.69	42.72	13.66
69	SHRAVASTI	1,580	3,536.00	461	474.81	29.18	13.43
70	SIDDHARTH NAGAR	5,389	12,066.00	2,287	1,975.83	42.44	16.38
71	SITAPUR	5,455	12,214.00	841	723.73	15.42	5.93
72	SONBHADRA	4,387	9,822.00	1,757	1,274.37	40.05	12.97
73	SULTANPUR	5,172	11,580.00	3,695	3,258.58	71.44	28.14
74	UNNAO	5,011	11,220.00	1,431	1,089.94	28.56	9.71
75	VARANASI	3,262	7,304.00	3,340	4,170.45	100.00	57.10
	Grand Total	**2,70,000**	**6,05,000.00**	**1,56,761**	**1,62,833.92**	**58.06**	**26.91**

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन
National Urban Livelihood Mission (NULM)

- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का उद्देश्य शहरों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाओं के साथ ही उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण देना है। इसके तहत शहरों में रहने वाले आवासहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराए जाने, फेरी व्यवसायियों की मदद, युवाओं को रोजगार के लिए विभिन्न प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है। यह योजना आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है।

- अवगत कराना है कि योजना से संबन्धित विस्तृत दिशा निर्देश भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र संख्या RBI/2021-22/12 FIDD.GSSD.CO.BC.No.03/09.16.03/2021-22 दिनांक 05.04.2021 के माध्यम से निर्गत किए गए है।

- नोडल ऐजेंसी - सूडा, उ. प्र., द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य एवं उपलब्धि की सूचना अभी तक जारी नही की गई है।

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम

Pradhan Mantri Employement Generation Programme (PMEGP)

- खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुम्बई द्वारा पी.एम.ई.जी.पी. योजना के नवीन दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया जिसके अनुसार एजेंसी द्वारा अपने स्तर पर प्राप्त आवेदन पत्रों की निर्धारित स्कोर कार्ड के अनुसार स्क्रूटनी करते हुए स्कोर कार्ड में पूर्णांक 100 मे से 60 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले आवेदकों के ही आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु पी.एम.ई.जी.पी. पोर्टल पर अग्रसारित किया जाएगा।

- बैंको व सम्बन्धित नोडल एजेंसीज से अनुरोध है कि इन नवीन व संशोधित मानदण्डों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा बैंक शाखाओं को क्रियांवयन हेतु तदनुसार निर्देशित किया जाये।

- उ. प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा योजनांतर्गत वित्त पोषित इकाइयों को अधिकतम 13% तक -3- वर्षों हेतु ब्याज उपादान भुगतान की दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोद्योग रोजगार योजना लागू किये जाने से अवगत कराया गया है जिसकी सूचना से समस्त सम्बन्धित को पूर्व में अवगत कराया जा चुका है। सभी बैंको से अनुरोध है कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक उद्यमियो को पहुँचाने का कष्ट करें।

- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा पी.एम.ई.जी.पी. योजनाओं के अंतर्गत स्थापित मौजूदा ईकाईयों के विस्तार/अपग्रेड हेतु कुछ शर्तो के अधीन अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने की शुरूआत की गयी है।

- नोडल ऐजेंसी - खादी और ग्रामोद्योग आयोग, उ. प्र., द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य एवं उपलब्धि की सूचना अभी तक जारी नही की गई है।

- समस्त बैंको से अनुरोध है कि योजनांतर्गत लम्बित समस्त आवेदन पत्रों को अतिशीघ्र निस्तारित करते हुए समस्त स्वीकृत खातों में मार्जिन मनी दावा का क्लेम करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना
Mukhya Mantri Gramodyog Rojgar Yojana (MMGRY)

- ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बेरोजगारी का समाधान करने, ग्रामीण शिक्षितों का शहरों की ओर पलायन को हतोत्साहित करने तथा अधिक से अधिक रोजगार का अवसर गॉव में ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के व्यक्तिगत उद्यमियों को पूंजीगत ऋण रू 10.00 लाख तक की वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से प्रदान की जाती है। योजना के अन्तर्गत सामान्य वर्ग के लाभार्थियों हेतु पूंजीगत ऋण पर 4% से अधिक ब्याज की धनराशि ब्याज उपादान के रूप में उपलब्ध करायी जाती है। आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों (अनुसूचित जाति, अनु जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग, महिलायें एवं भूतपूर्व सैनिक) को पूंजीगत ऋण ब्याज की धनराशि ब्याज उपादान के रूप में उपलब्ध करायी जाती है। व्यवसायिक बैंको तथा ग्रामीण बैंकों द्वारा उनके सेवा क्षेत्र के अन्तर्गत सम्बन्धित गाँव या ग्रामीण क्षेत्र स्थित हों, नियमानुसार ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

- बैंको से प्राप्त सूचना के अनुसार योजनांतर्गत ब्याज उपादान की राशि नोडल एजेंसी से प्राप्त न हो सकने/ पुनर्भुगतान न हो सकने के कारण बड़ी संख्या में ऋण खाते गैर निष्पादक आस्तियों (एन.पी.ए.) में तब्दील हो रहे हैं जो चिंता का विषय है एवं नोडल एजेंसी द्वारा सभी लम्बित मामलों में ब्याज उपादान की राशि उपलब्ध कराया जाना अति आवश्यक है।

- नोडल ऐजेंसी - उ. प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, उ. प्र., द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जनपदवार वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य प्रेषित किये गये है जिससे समस्त संबन्धित को एस.एल.बी.सी. के पत्रांक ल.अं./52/एस.एल.बी.सी./247 दिनांक 06.05.2026 द्वारा अवगत कराया जा चुका है जिसका संक्षेप मे विवरण निम्नवत है :

वार्षिक लक्ष्य 2026-27	
ईकाई संख्या	पूंजीनिवेश (रू लाख मे)
800	4000

- नोडल ऐजेंसी - उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, उ.प्र., लखनऊ द्वारा योजनांतर्गत सितम्बर 2026 तक की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित की गयी है जिसकी छायाप्रति संलग्नक - 6 के माध्यम से प्रस्तुत है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार कुल वार्षिक लक्ष्य -800- के सापेक्ष -377- आवेदन पत्रों तथा कुल पूंजी निवेश के लक्ष्य राशि रु. 4,000 लाख के सापेक्ष रु. 2,627 लाख में ऋण वितरण की कार्यवाही की जा चुकी है जो कि आवंटित लक्ष्य का 47% एवं 66% है।

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना

भौतिक प्रगति

दिनांक-30-09-2026 तक

(धनराशि लाख रुपये में)

क्र0सं0	जनपद का नाम	वार्षिक लक्ष्य 2026-27			बैंकों को प्रेषित आवेदन पत्र		बैंको द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र		बैंकों द्वारा वितरित आवेदन पत्र		रोजगार	प्रतिशत		
		इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	रोजगार	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि		इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	रोजगार
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	आगरा	14	70.00	280	24	210.00	3	27.50	1	9.00	36	7%	13%	13%
2	फिरोजाबाद	6	30.00	120	44	338.00	5	36.56	3	22.42	90	50%	75%	75%
3	मैनपुरी	15	75.00	300	48	408.00	7	53.60	5	34.60	138	33%	46%	46%
4	मथुरा	9	45.00	180	48	415.00	6	51.28	6	51.28	205	67%	114%	114%
1	आगरा मण्डल	44	220.00	880	164	1371.00	21	168.94	15	117.30	469	34%	53%	53%
5	अलीगढ़	10	50.00	200	27	230.00	2	19.00	0	0.00	0	0%	0%	0%
6	एटा	10	50.00	200	71	546.00	3	20.40	2	12.30	49	20%	25%	25%
7	हाथरस	10	50.00	200	116	782.93	10	69.60	10	69.60	278	100%	139%	139%
8	कासगंज	10	50.00	200	43	325.00	1	5.70	1	5.70	23	10%	11%	12%
2	अलीगढ़ मण्डल	40	200.00	800	257	1883.93	16	114.70	13	87.60	350	33%	44%	44%
9	अम्बेडकरनगर	11	55.00	220	38	315.00	4	38.00	4	38.00	152	36%	69%	69%
10	अमेठी	11	55.00	220	37	332.00	4	37.50	4	37.50	150	36%	68%	68%
11	अयोध्या	12	60.00	240	27	230.00	2	6.65	1	1.90	8	8%	3%	3%
12	बाराबंकी	11	55.00	220	41	330.00	4	30.40	3	24.70	99	27%	45%	45%
13	सुल्तानपुर	10	50.00	200	30	244.00	3	19.60	3	19.60	78	30%	39%	39%
3	अयोध्या मण्डल	55	275.00	1100	173	1451.00	17	132.15	15	121.70	487	27%	44%	44%
14	अमरोहा	14	70.00	280	47	386.76	12	84.80	8	57.00	228	57%	81%	81%
15	बिजनौर	10	50.00	200	47	285.30	8	26.07	6	17.77	71	60%	36%	36%
16	मुरादाबाद	13	65.00	260	67	510.00	10	74.30	10	74.30	297	77%	114%	114%
17	रामपुर	13	65.00	260	59	475.13	15	107.02	14	105.15	421	108%	162%	162%
18	सम्भल	13	65.00	260	88	735.40	8	49.59	4	22.49	90	31%	35%	35%
4	मुरादाबाद मण्डल	63	315.00	1260	308	2392.59	53	341.78	42	276.71	1107	67%	88%	88%

30-9-26SLBC

D:\2026-27\MPR\2026-27 MPR

क्र0सं0	जनपद का नाम	वार्षिक लक्ष्य 2026-27			बैंकों को प्रेषित आवेदन पत्र		बैंको द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र		बैंकों द्वारा वितरित आवेदन पत्र		रोजगार	प्रतिशत		
		इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	रोजगार	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि		इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	रोजगार
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
19	औरैया	9	45.00	180	64	470.00	3	63.64	2	16.14	65	22%	36%	36%
20	इटावा	8	40.00	160	19	167.00	2	14.25	0	0.00	0	0%	0%	0%
21	फर्रुखाबाद	12	60.00	240	71	510.50	17	93.15	14	76.05	304	117%	127%	127%
22	कन्नौज	12	60.00	240	99	848.50	15	118.19	14	108.69	435	117%	181%	181%
23	कानपुर देहात	10	50.00	200	21	182.00	8	65.01	6	46.01	184	60%	92%	92%
24	कानपुर नगर	13	65.00	260	37	343.75	13	113.25	13	113.25	453	100%	174%	174%
5	कानपुर मण्डल	64	320.00	1280	311	2521.75	58	467.49	49	360.14	1441	77%	113%	113%
25	आजमगढ़	10	50.00	200	25	201.50	11	85.98	10	82.65	331	100%	165%	166%
26	बलिया	10	50.00	200	28	228.70	6	40.18	5	34.48	138	50%	69%	69%
27	मऊ	10	50.00	200	14	113.00	4	21.85	4	21.85	87	40%	44%	44%
6	आजमगढ़ मण्डल	30	150.00	600	67	543.20	21	148.01	19	138.98	556	63%	93%	93%
28	बागपत	12	60.00	240	23	169.50	2	18.50	2	18.50	74	17%	31%	31%
29	बुलंदशहर	12	60.00	240	163	1313.70	18	117.48	6	44.63	179	50%	74%	75%
30	गौतमबुद्धनगर	6	30.00	120	11	105.00	2	19.00	2	19.00	76	33%	63%	63%
31	गाजियाबाद	6	30.00	120	11	96.00	1	6.80	1	6.80	27	17%	23%	23%
32	हापुड़	11	55.00	220	26	230.00	6	38.95	5	36.45	146	45%	66%	66%
33	मेरठ	9	45.00	180	13	106.50	3	19.38	3	19.38	78	33%	43%	43%
7	मेरठ मण्डल	56	280.00	1120	247	2020.70	32	220.11	19	144.76	580	34%	52%	52%
34	बहराइच	11	55.00	220	15	125.00	2	19.00	1	9.50	38	9%	17%	17%
35	बलरामपुर	10	50.00	200	21	168.00	6	42.95	6	42.95	172	60%	86%	86%
36	गोण्डा	10	50.00	200	35	279.00	7	56.05	7	56.05	224	70%	112%	112%
37	श्रावस्ती	7	35.00	140	19	136.00	3	20.90	3	20.90	84	43%	60%	60%
8	देवीपाटन मण्डल	38	190.00	760	90	708.00	18	138.90	17	129.40	518	45%	68%	68%
38	बांदा	10	50.00	200	28	175.60	7	21.97	7	21.97	88	70%	44%	44%
39	चित्रकूट	10	50.00	200	16	131.50	5	35.35	4	30.85	123	40%	62%	62%
40	हमीरपुर	10	50.00	200	29	208.50	2	18.52	2	18.52	74	20%	37%	37%
41	महोबा	8	40.00	160	26	195.50	2	6.83	2	6.83	27	25%	17%	17%
9	चित्रकूट मण्डल	38	190.00	760	99	711.10	16	82.67	15	78.17	312	39%	41%	41%

क्र0सं0	जनपद का नाम	वार्षिक लक्ष्य 2026-27			बैंकों को प्रेषित आवेदन पत्र		बैंको द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र		बैंकों द्वारा वितरित आवेदन पत्र		रोजगार	प्रतिशत		
		इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	रोजगार	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि		इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	रोजगार
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
42	बरेली	14	70.00	280	57	504.00	17	145.59	11	96.95	388	79%	139%	139%
43	बदायूँ	10	50.00	200	42	365.45	10	109.19	7	61.69	247	70%	123%	124%
44	पीलीभीत	13	65.00	260	52	440.00	4	28.35	3	23.60	94	23%	36%	36%
45	शाहजहांपुर	13	65.00	260	38	274.70	7	38.95	6	34.20	137	46%	53%	53%
10	बरेली मण्डल	50	250.00	1000	189	1584.15	38	322.08	27	216.44	866	54%	87%	87%
46	बस्ती	10	50.00	200	26	175.00	2	13.10	1	3.60	14	10%	7%	7%
47	संतकबीरनगर.	9	45.00	180	35	235.25	5	15.95	3	12.15	49	33%	27%	27%
48	सिद्धार्थनगर	11	55.00	220	28	169.34	7	35.43	4	17.38	70	36%	32%	32%
11	बस्ती मण्डल	30	150.00	600	89	579.59	14	64.48	8	33.13	133	27%	22%	22%
49	चन्दौली	10	50.00	200	24	195.20	4	37.50	4	37.50	150	40%	75%	75%
50	गाजीपुर	13	65.00	260	42	408.50	4	38.00	1	9.50	38	8%	15%	15%
51	जौनपुर	10	50.00	200	38	313.70	6	127.30	3	23.75	95	30%	48%	48%
52	वाराणसी	11	55.00	220	15	101.46	8	50.94	8	50.94	204	73%	93%	93%
12	वाराणसी मण्डल	44	220.00	880	119	1018.86	22	253.74	16	121.69	487	36%	55%	55%
43	देवरिया	12	60.00	240	19	148.00	3	28.50	3	28.50	114	25%	48%	48%
54	गोरखपुर	12	60.00	240	24	178.00	3	19.95	2	11.40	46	17%	19%	19%
55	कुशीनगर	8	40.00	160	21	178.00	3	28.50	2	19.00	76	25%	48%	48%
56	महाराजगंज	10	50.00	200	41	314.00	2	11.18	2	11.18	45	20%	22%	23%
13	गोरखपुर मण्डल	42	210.00	840	105	818.00	11	88.13	9	70.08	281	21%	33%	33%
57	फतेहपुर	10	50.00	200	19	148.50	3	19.36	3	19.36	77	30%	39%	39%
58	कौशाम्बी	13	65.00	260	49	348.89	8	43.60	8	43.60	174	62%	67%	67%
59	प्रतापगढ़	12	60.00	240	76	639.50	13	111.15	10	82.65	331	83%	138%	138%
60	प्रयागराज	14	70.00	280	38	322.00	6	30.05	4	20.50	82	29%	29%	29%
14	प्रयागराज मण्डल	49	245.00	980	182	1458.89	30	204.16	25	166.11	664	51%	68%	68%
61	हरदोई	10	50.00	200	39	244.00	6	35.35	5	30.85	123	50%	62%	62%
62	लखीमपुर खीरी	13	65.00	260	65	511.50	5	21.85	5	21.85	87	38%	34%	33%
63	लखनऊ	12	60.00	240	15	138.50	3	23.75	2	19.00	76	17%	32%	32%
64	रायबरेली	10	50.00	200	30	290.00	1	9.50	1	9.50	38	10%	19%	19%

क्र0सं0	जनपद का नाम	वार्षिक लक्ष्य 2026-27			बैंकों को प्रेषित आवेदन पत्र		बैंको द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र		बैंकों द्वारा वितरित आवेदन पत्र		रोजगार	प्रतिशत		
		इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	रोजगार	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि		इ0सं0	पूँजीनिवेश धनराशि	रोजगार
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
65	सीतापुर	10	50.00	200	94	692.00	9	51.45	5	31.05	124	50%	62%	62%
66	उन्नाव	11	55.00	220	27	212.00	8	60.75	7	51.70	207	64%	94%	94%
15	लखनऊ मण्डल	66	330.00	1320	270	2088.00	32	202.65	25	163.95	655	38%	50%	50%
67	जालौन	8	40.00	160	33	215.70	7	23.75	7	23.75	95	88%	59%	59%
68	झाँसी	12	60.00	240	57	448.00	21	155.38	20	136.38	546	167%	227%	228%
69	ललितपुर	9	45.00	180	33	223.50	8	40.11	8	40.11	160	89%	89%	89%
16	झाँसी मण्डल	29	145.00	580	123	887.20	36	219.24	35	200.24	801	121%	138%	138%
70	मिर्जापुर	10	50.00	200	46	337.50	6	55.05	4	36.55	146	40%	73%	73%
71	सन्तरविदासनगर	13	65.00	260	5	45.00	0	0.00	0	0.00	0	0%	0%	0%
72	सोनभद्र	10	50.00	200	31	176.18	10	47.40	7	28.40	114	70%	57%	57%
17	मिर्जापुर मण्डल	33	165.00	660	82	558.68	16	102.45	11	64.95	260	33%	39%	39%
73	मुजफ्फर नगर	10	50.00	200	32	209.50	11	58.65	5	27.10	108	50%	54%	54%
74	सहारनपुर	10	50.00	200	55	456.50	10	84.83	9	80.08	320	90%	160%	160%
75	शामली	9	45.00	180	10	100.00	3	28.50	3	28.50	114	33%	63%	63%
18	सहारनपुर मण्डल	29	145.00	580	97	766.00	24	171.98	17	135.68	542	59%	94%	93%
महायोग		800	4000.00	16000	2972	23362.64	475	3443.66	377	2627.03	10509	47%	66%	66%

(राजीव त्यागी)
उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना
Mukhya Mantri Yuva Swarojgar Yojana (MYSY)

- प्रदेश के शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना" संचालित की जा रही है।

- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उद्योग क्षेत्र के लिए रू 25 लाख और सेवा क्षेत्र के लिए रू 10 लाख की वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। सरकार द्वारा परियोजना लागत की कुल राशि का 25% मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। निर्माण क्षेत्र के लिए अधिकतम रू 6.25 लाख और सेवा क्षेत्र के लिए रू 2.50 लाख की मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जा रही है।

- नोडल ऐजेंसी - उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उ प्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जनपदवार वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य प्रेषित किये गये है जिससे समस्त संबन्धित को एस.एल.बी.सी. के पत्रांक ल.अं./52/एस.एल.बी.सी./247 दिनांक 06.05.2026 द्वारा अवगत कराया जा चुका है, जिसका संक्षेप मे विवरण निम्नवत है :

TARGET 2026-27 (Amount in lakh)					
Industry 80%	Margin Money	Service 20%	Margin Money	Industry + Service	Total MM
9000	17460.00	2250	4365.00	11250	21825.00

- योजनांतर्गत सितम्बर 2026 तक की जनपदवार प्रगति रिपोर्ट संलग्नक - 7 के माध्यम से प्रस्तुत की गयी है। संक्षेप में योजना की प्रगति निम्नानुसार है :-

(धनराशि लाख में)

Sr. No.		Target	Sent to Banks	Sanctioned by Banks	Disbursed
1.	Number	11250	10490	3536	2793
2.	MM	21825.00	31111	10294	8172

- अद्यतन स्थिति से परिलक्षित होता है कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में सितम्बर 2026 तक निर्धारित कुल लक्ष्य -11,250- के सापेक्ष -3,536- एवं -2,793- आवेदन पत्रों में क्रमश: ऋण स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही की जा चुकी है। मार्जिन मनी हेतु आवंटित लक्ष्य रू 21,825 लाख के सापेक्ष रू 8,172 लाख वितरित की गई है जो आवंटित लक्ष्य का 37% है।

- एम.एस.एम.ई. विभाग, उ.प्र. द्वारा योजनांतर्गत बेहतर मानिटरिंग हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल https://msme.up.gov.in. का निर्माण किया गया है। उक्त पोर्टल के लॉगिन एवं पासवर्ड से समस्त सम्बन्धित को एम.एस.एम.ई. विभाग द्वारा अवगत कराया जा चुका है। सभी बैंको से अनुरोध है कि पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार योजनांतर्गत लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण यथाशीघ्र करने का कष्ट करें।

Bank wise Status of Progress under Mukhyamantri Yuva Swarojgar (MYSY) Scheme as on 30.09.2026 FY: 2026-27

(Amount in Lakh)

Sr. No.	Bank	Target		Sent		Sanctioned		Disbursed		% Ach		Rejected	Cumm Pendency	
		No.	M.M	No.	M.M	No.	M.M	No.	M.M	No.	M.M	No.	Sanction	Disb
1	Uttar Pradesh Gramin Bank	1998	3812	1711	4354	859	2129	648	1610	32%	42%	629	551	480
2	Punjab National Bank	1177	2280	1619	4508	624	1659	521	1408	44%	62%	602	1597	368
3	Bank of Baroda	964	1877	987	3168	355	1201	286	1024	30%	55%	387	1114	240
4	State Bank of India	1537	3013	2115	6153	309	791	265	702	17%	23%	989	2038	198
5	Union Bank of India	826	1612	757	2619	325	1166	237	838	29%	52%	201	943	269
6	Canara Bank	738	1419	767	2264	278	762	239	651	32%	46%	226	963	169
7	Bank of India	455	853	460	1314	128	350	116	297	25%	35%	183	374	102
8	Central Bank of India	461	888	474	1540	162	587	111	376	24%	42%	150	533	131
9	Indian Bank	684	1352	572	1812	127	426	99	347	14%	26%	283	738	116
10	Uco Bank	250	482	256	780	101	281	81	219	32%	45%	55	244	56
11	Indian Overseas Bank	204	402	228	714	122	401	84	286	41%	71%	52	186	59
12	Axis Bank	268	536	27	114	5	31	5	31	2%	6%	11	88	3
13	Idbi Bank Ltd	89	180	82	253	36	125	37	141	42%	78%	33	77	8
14	Hdfc Bank Ltd	485	971	200	750	38	161	26	109	5%	11%	72	291	28
15	Punjab And Sind Bank	189	374	89	252	29	85	15	41	8%	11%	41	131	34
16	Bank of Maharashtra	162	312	65	225	18	68	12	40	7%	13%	13	81	16
17	The Nainital Bank Limited	26	52	18	53	12	34	5	16	19%	30%	3	14	10
18	Kotak Mahindra Bank Ltd	56	111	8	30	2	13	3	19	5%	17%	0	31	0
19	Icici Bank Ltd	248	476	16	62	1	6	1	6	0%	1%	6	50	2
20	Uttar Pradesh Co-operative Bank Ltd	52	102	11	38	3	8	0	0	0%	0%	4	4	3
21	Idfc First Bank Ltd	28	56	3	15	1	6	1	6	4%	11%	0	5	0
22	Yes Bank Ltd.	51	99	6	23	0	0	0	0	0%	0%	0	12	0
23	Bandhan Bank	119	225	1	6	0	0	0	0	0%	0%	6	1	0
24	Au Small Finance Bank	13	22	0	0	0	0	0	0	0%	0%	0	0	0
25	Karnataka Bank	8	18	2	9	1	6	1	6	13%	34%	1	3	0
26	The Jammu And Kashmir Bank Ltd	10	20	1	6	0	0	0	0	0%	0%	3	2	0
27	Utkarsh Small Finance Bank	13	18	0	0	0	0	0	0	0%	0%	0	0	0
28	Indusind Bank Limited	63	121	1	2	0	0	0	0	0%	0%	0	4	0
29	South Indian Bank	7	12	1	1	0	0	0	0	0%	0%	0	3	0
30	The Federal Bank Ltd	22	43	2	4	0	0	0	0	0%	0%	0	3	0
31	Ujjivan Small Finance Bank	5	10	0	0	0	0	0	0	0%	0%	0	1	0
32	Others	42	76	11	44	0	0	0	0	0%	0%	1	25	0
Grand Total		**11250**	**21825**	**10490**	**31111**	**3536**	**10294**	**2793**	**8172**	**25%**	**37%**	**3951**	**10107**	**2292**

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना
Mukhya Mantri Yuva Udyami Vikas Abhiyan Yojana

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य अगले 10 वर्षों में 10 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है। यह योजना युवाओं को नये सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने हेतु ब्याज-मुक्त एवं संपार्श्विक-मुक्त वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
योजनांतर्गत दो चरणों में वित्तीय सहायता दी जा रही है।

प्रथम चरण के अंतर्गत निम्न प्रावधान किए गए है :-

- ₹ 5 लाख तक की परियोजना लागत वाली इकाइयों को 100% ब्याज सब्सिडी (4 वर्षों तक) दिया जाएगा।
- ऋण कम्पोजिट लोन प्रकृति का होगा व कुल लागत का न्यूनतम 10% टर्म लोन के रूप में अनिवार्य होगा तथा लोन की तिथि से 6 माह की अधिस्थगन अवधि दी जाएगी।
- 4 वर्षों तक CGTMSE कवरेज हेतु आवश्यक धनराशि का वहन भी राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।
- राज्य सरकार द्वारा 10% मार्जिन मनी सब्सिडी (बैक एंडेड) भी राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।
- ₹5 लाख से ₹10 लाख तक की परियोजना लागत वाली इकाइयों में अतिरिक्त राशि की व्यवस्था लाभार्थी को स्वयं के स्रोत से करनी होगी।

द्वितीय चरण के अंतर्गत निम्न प्रावधान किए गए है :-

- प्रथम चरण का ऋण चुकाने के बाद, द्वितीय चरण में आवेदन किया जा सकता है।
- द्वितीय चरण अधिकतम परियोजना लागत ₹10 लाख होगी। ₹10 लाख से ₹20 लाख तक अतिरिक्त वित्तपोषण लाभार्थी को स्वयं करना होगा।
- द्वितीय चरण में ऋण अधिकतम ₹ 7.5 लाख या प्रथम चरण में लिए गए राशि का दोगुना (जो कम हो) होगा। 3 वर्षों तक 50% ब्याज सब्सिडी दी जाएगी।
- 3 वर्षों तक CGTMSE कवरेज हेतु आवश्यक धनराशि का वहन भी राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

योजनांतर्गत आवेदन हेतु निम्नानुसार मार्जिन मनी (स्वयं का अंशदान) जमा करना होगा :-

- सामान्य वर्ग : 15%
- ओबीसी : 12.5%
- एससी/एसटी, दिव्यांगजन, पिछड़े क्षेत्र के लाभार्थी : 10%

मिशन कार्यालय, सीएम युवा के पत्र दिनांक 08.04.2026 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु योजनांतर्गत 1.50 लाख लाभार्थियो को लाभान्वित किए जाने हेतु जनपदवार लक्ष्यों से अवगत कराया गया है जिससे समस्त संबन्धित को एस.एल.बी.सी. के पत्र ल.अं/52/एस.एल.बी.सी./186 दिनांक 10.04.2026 के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है।

योजनांतर्गत अद्यतन प्रगति रिपोर्ट संलग्नक - 8 के माध्यम से प्रस्तुत की गयी है।

Agenda No. 2

Annexure - 8

Status of Progress under Mukhyamantri Yuva Udyami Vikas Abhiyaan (CM -YUVA) Scheme as on 30/09/2026 FY: 2026-27

Sr. No.	Bank	Target	Applications sent to Bank	Sanctioned	Disbursed	% Ach	Rejected	Cumulative Pendency	
								Sanctioned	Disbursement
1	State Bank of India	22154	40228	10878	11388	51%	16740	11509	610
2	Bank of Baroda	12756	16658	5446	5470	43%	7655	3395	417
3	Bank of India	5168	6216	2258	2215	43%	2979	780	167
4	Uttar Pradesh Gramin Bank	32438	26620	11761	11382	35%	13142	1770	950
5	Punjab National Bank	15770	16166	4667	4874	31%	7908	3691	424
6	Union Bank of India	10764	9910	3308	3328	31%	4085	2439	266
7	Uco Bank	2652	2253	875	886	33%	979	404	114
8	Indian Bank	10298	9917	3004	2961	29%	5211	1515	225
9	Bank of Maharashtra	1369	902	469	484	35%	280	130	36
10	Indian Overseas Bank	2355	1757	668	681	29%	553	464	43
11	Central Bank of India	5510	4522	1566	1448	26%	1857	801	253
12	Canara Bank	11125	8342	2841	2834	25%	4029	1542	248
13	Punjab And Sind Bank	2032	1123	342	361	18%	413	433	62
14	Idbi Bank Ltd	833	562	154	156	19%	236	181	16
15	Hdfc Bank Ltd	6664	4561	595	662	10%	1777	2233	138
16	Uttar Pradesh Co-operative Bank Ltd	100	54	11	11	11%	30	12	0
17	Axis Bank	3913	1543	279	271	7%	444	867	78
18	Icici Bank Ltd	3479	718	143	156	4%	237	361	53
19	Bandhan Bank	100	50	0	0	0%	46	1	1
20	Idfc First Bank Ltd	115	16	0	0	0%	30	15	0
21	Indusind Bank Limited	160	61	0	0	0%	9	59	1
22	Kotak Mahindra Bank Ltd	145	360	5	4	3%	91	337	10
23	Yes Bank Ltd.	100	28	1	1	1%	21	5	0
24	Others	0	600	244	240	0	161	189	15
	Grand Total	**150000**	**153167**	**49515**	**49813**	**33%**	**68913**	**33133**	**4127**

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना

Vishwakarma Shram Samman Yojana

सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या 34/2018/997/18-2-2018 (ल0उ0)/2017 दिनांक 26.12.2018 के माध्यम से प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों के विकास हेतु "विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना" संचालित किये जाने की अधिसूचना से अवगत कराया गया है। इस योजना के अंतर्गत पारम्परिक कारीगर जैसे बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, राजमिस्त्री एवं हस्तशिल्पियों के आजीविका के साधनो का सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किया जायेगा। इस योजना के दिशा- निर्देशों से समस्त बैंको को एस.एल.बी.सी. द्वारा अवगत कराया जा चुका है।

योजना का विस्तार करते हुए समस्त बैंको द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत ऋण सुविधा प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। इस अभिनव पहल से जहाँ एक ओर बेरोजगार व्यक्तियों को भिन्न भिन्न तरह की पारम्परिक कला में दक्षता हासिल हो रही है वहीं दूसरी ओर अपना उद्यम स्थापित करते हुए रोजगार का सृजन भी किया जा रहा है।

पी. एम. विश्वकर्मा योजना
PM Vishwakarma Yojana

पीएम विश्वकर्मा योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसकी शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 17.09.2023 को की गई। योजना का उद्देश्य हाथों और उपकरणों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक वित्तीय सहायता प्रदान करना है।इस योजना में 18 व्यवसायों यथा बढ़ई, नाव निर्माता, कवच बनाने वाला, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला, मोची (चर्मकार)/जूता कारीगर/फुटवियर कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला निर्माता (मालाकार), धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने का जाल निर्माता में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को शामिल किया गया है।

योजनांतर्गत कारीगरों एवं शिल्पकारों को संपार्श्विक मुक्त ऋण, कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और बाजार लिंकेज समर्थन प्रदान किए जाने का प्रावधान है। एम.एस.एम.ई. विभाग - नोडल एजेंसी के रूप मे कार्यरत है|

पी. एम. विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत निम्न लाभ प्रदान किए जाने का प्रावधान है :

- 5 दिनों के शुरूआती प्रशिक्षण के पश्चात कौशल सत्यापन
- इच्छुक उम्मीदवार 15 दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण के लिए भी नामांकन करा सकते हैं
- प्रशिक्षण वेतन : रू 500 प्रति दिन
- टूलकिट प्रोत्साहन : रू 15,000
- समपार्श्विक प्रतिभूति रहित (Collateral Free) ऋण : प्रथम चरण मे रू 1 लाख का ऋण 18 माह हेतु एवं द्वितीय चरण मे रू 2 लाख का ऋण 30 माह हेतु
- प्रत्येक डिजिटल ट्रांजेक्शन हेतु रू 1 अधिकतन रू 100 प्रतिमाह दिया जाना

योजनांतर्गत -2- चरणो मे रू 1 लाख एवं रू 2 लाख का ऋण क्रमश: 18 माह एवं 30 माह की अवधि के लिए प्रदान किया जाएगा।

योजना की प्रभावी निगरानी/ ऋण आवेदन के लिए एक पोर्टल - www.pmvishwakarma.gov.in का निर्माण किया गया है।

योजनांतर्गत अद्यतन प्रगति रिपोर्ट संलग्नक - 9 के माध्यम से प्रस्तुत की गयी है।

Agenda No. 2

Annexure - 9

Progress under PM Vishwakarma as on 30.09.2026

(Amount in Lacs)

Sr. No.	Bank Name	Application Received	Amount Requested	Application Sanctioned	Amount Sanctioned	Application Disbursed	Amount Disbursed	Application Rejected	Pending Application
1	STATE BANK OF INDIA	25035	24302.72	7580	6129.55	7421	5772.61	7525	9930
2	PUNJAB NATIONAL BANK	14740	14371.21	3668	3563.73	3492	3379.87	6330	4742
3	BANK OF BARODA	18758	18258.58	1689	1472.78	1294	1085.80	7618	9451
4	UTTAR PRADESH GRAMIN BANK	14900	14488.08	691	615.03	451	372.15	6280	7929
5	INDIAN BANK	9642	9400.98	1369	1195.42	1052	907.09	4253	4020
6	UNION BANK OF INDIA	11221	10957.44	1191	1070.26	842	679.07	4165	5865
7	CANARA BANK	3866	3777.10	680	568.83	414	332.78	1601	1585
8	CENTRAL BANK OF INDIA	3946	3842.04	974	856.54	248	230.62	998	1974
9	BANK OF INDIA	3032	2969.80	291	268.95	260	235.39	1108	1633
10	HDFC BANK LTD	1058	1032.30	50	46.65	33	31.20	556	452
11	UCO BANK	1153	1117.38	140	121.10	115	100.09	574	439
12	PUNJAB AND SIND BANK	564	548.54	63	58.70	40	36.20	260	241
13	INDIAN OVERSEAS BANK	419	409.89	86	71.75	77	58.62	184	149
14	AXIS BANK	231	223.59	11	9.90	11	9.90	67	153
15	BANK OF MAHARASHTRA	203	200.60	47	44.60	33	25.65	59	97
16	KOTAK MAHINDRA BANK	181	174.13	56	56.00	56	56.00	44	81
17	Others	194	175.00	35	25.10	33	23.10	39	120
18	ICICI BANK LTD	111	109.70	0	0.00	0	0.00	60	51
19	IDBI BANK LTD	96	93.49	1	1.00	1	0.00	60	35
20	UTKARSH SMALL FINANCE BANK	0	0.00	0	0.00	0	0.00	0	0
21	INDUSIND BANK LIMITED	64	62.90	0	0.00	0	0.00	0	64
	Grand Total	**109414**	**106515**	**18622**	**16176**	**15873**	**13336**	**41781**	**49011**

अल्पसंख्यक समुदायों को वित्तीय सहायता

Financial Assistance to Minority Communities

- विदित है कि अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण की योजनाओं को माननीय प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम में शामिल किया गया है। प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार इन समुदायों को प्रदत्त ऋण सुविधाओं को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत कमजोर वर्गों हेतु ऋणों में वर्गीकृत किया जाता है। साथ ही इस वर्ग को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत कुल ऋण का 15 प्रतिशत तक प्रदान करने हेतु निर्देश है।

- अवगत कराना है कि हमारे प्रदेश में -21- जनपदों यथा बदायूँ, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, बरेली, बिजनौर, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, अमरोहा, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहाँपुर, श्रावस्ती एवं सिद्धार्थनगर को अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों के रूप मे चिन्हित किया गया है।

- प्रदेश में कार्यरत बैंकों से प्राप्त सूचना के आधार पर अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थियों को सितम्बर 2026 तक प्रदान किये गये ऋण प्रवाह (Outstanding) की प्रगति निम्नानुसार है :-

(Amt in Crore)

Sr. No.	Particular	September 2026	
		No. of A/c	Amount
a	To Minority Communities in identified Districts having concentration of Minority	1692859	38626.81
b	To the Minority Community in whole UP	2942407	68954.69
c	Total priority sector Advances in identified districts having concentration of Minorities	7688152	269794.91
d	Total Priority Sector Advances in whole UP	21589262	687121.82
e	%age of (a) to (c)	22.02%	14.32%
f	%age of (b) to (d)	13.63%	10.04%

आलोच्य अवधि तक पूरे प्रदेश में बैंकों द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कुल -29,42,407- व्यक्तियों को रू 68,954.69 करोड़ की धनराशि उपलब्ध करायी गयी है जो कि कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत प्रदत्त ऋण का क्रमशः 13.63% (खाते) एवं 10.04% (धनराशि) है।

इसी प्रकार, अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में अल्पसंख्यक समुदाय के कुल -16,92,859- व्यक्तियों को रू 38,626.81 करोड़ की धनराशि उपलब्ध करायी गयी है जो कि कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत प्रदत्त ऋण का क्रमशः 22.02% (खाते) एवं 14.32% (धनराशि) है।

योजनान्तर्गत बैंकवार/जनपदवार प्रगति रिपोर्ट संलग्नक - 10 व 11 के माध्यम से प्रस्तुत है।

Agenda No. 2

Annexure - 10

DISTRICT WISE LOANS OUTSTANDING TO MINORITY COMMUNITIES AS ON 30.09.2026

No. in Actual and Amount in Rs.Crore

Sr. No.	Name of District	Priority Sector Advances		Advances to Minority Communities		% of Minority to Total PSA	
		No.	Amount	No.	Amount	No.	Amount
1	AGRA	691997	31020.00	64240	2034.99	9.28%	6.56%
2	ALIGARH	418839	14951.75	53446	1437.13	12.76%	9.61%
3	AMBEDKAR NAGAR	223906	4087.54	22662	433.50	10.12%	10.61%
4	AMETHI	191631	3879.05	27423	630.48	14.31%	16.25%
5	AMROHA	218896	5606.95	47767	1126.75	21.82%	20.10%
6	AURAIYA	99554	2471.71	3586	88.82	3.60%	3.59%
7	AYODHYA	250792	6461.07	19728	518.73	7.87%	8.03%
8	AZAMGARH	349095	6549.75	25828	573.17	7.40%	8.75%
9	BAGHPAT	182912	3566.82	28788	553.90	15.74%	15.53%
10	BAHRAICH	292386	7053.88	59445	996.39	20.33%	14.13%
11	BALLIA	239322	4166.57	11073	211.18	4.63%	5.07%
12	BALRAMPUR	123279	2684.08	22281	488.38	18.07%	18.20%
13	BANDA	149645	3012.73	9031	144.95	6.03%	4.81%
14	BARABANKI	329719	7657.65	24995	613.79	7.58%	8.02%
15	BAREILLY	490373	17830.36	128685	3108.76	26.24%	17.44%
16	BASTI	219391	4240.89	10404	243.30	4.74%	5.74%
17	BHADOHI	126179	3438.89	13323	445.67	10.56%	12.96%
18	BIJNOR	425079	9299.17	133855	2389.37	31.49%	25.69%
19	BUDAUN	294333	7083.63	40716	750.02	13.83%	10.59%
20	BULANDSHAHR	359666	10052.94	56728	892.40	15.77%	8.88%
21	CHANDAULI	187691	4094.93	16363	302.11	8.72%	7.38%
22	CHITRAKOOT	98159	1759.38	3542	49.25	3.61%	2.80%
23	DEORIA	264696	5194.00	17089	363.84	6.46%	7.01%
24	ETAH	198383	4742.79	11259	245.99	5.68%	5.19%
25	ETAWAH	132928	4111.84	6721	156.76	5.06%	3.81%
26	FARRUKHABAD	178277	3864.16	11225	249.43	6.30%	6.45%
27	FATEHPUR	248442	5265.41	16975	389.97	6.83%	7.41%
28	FIROZABAD	251539	7324.04	24454	460.22	9.72%	6.28%
29	GAUTAM BUDDHA NAGAR	241636	49700.10	34531	2345.51	14.29%	4.72%
30	GHAZIABAD	226567	34157.73	59006	2272.60	26.04%	6.65%
31	GHAZIPUR	315382	6467.16	31133	537.79	9.87%	8.32%
32	GONDA	255574	5591.72	20381	391.31	7.97%	7.00%
33	GORAKHPUR	596992	17224.97	46666	1045.53	7.82%	6.07%
34	HAMIRPUR	125580	2343.10	6951	132.22	5.54%	5.64%
35	HAPUR	154186	5855.39	41842	871.10	27.14%	14.88%
36	HARDOI	376285	6937.41	29414	587.42	7.82%	8.47%
37	HATHRAS	211223	5107.18	18117	237.65	8.58%	4.65%
38	JALAUN	160702	3489.19	11202	196.28	6.97%	5.63%
39	JAUNPUR	432947	7705.15	26515	454.06	6.12%	5.89%
40	JHANSI	292074	9270.63	16276	511.52	5.57%	5.52%
41	KANNAUJ	180297	3846.22	14754	358.20	8.18%	9.31%
42	KANPUR DEHAT	196104	3294.40	11239	201.91	5.73%	6.13%
43	KANPUR NAGAR	442121	31804.89	59095	2723.12	13.37%	8.56%
44	KASGANJ	144643	3139.11	9069	179.82	6.27%	5.73%
45	KAUSHAMBI	139370	2360.30	15029	273.73	10.78%	11.60%
46	KUSHI NAGAR	333974	5183.03	28180	405.34	8.44%	7.82%
47	LAKHIMPUR KHERI	409996	9771.28	75634	1802.67	18.45%	18.45%
48	LALITPUR	204461	4403.57	4572	220.07	2.24%	5.00%
49	LUCKNOW	1441312	63624.26	287324	5586.72	19.93%	8.78%
50	MAHARAJGANJ	256994	4498.02	20297	398.73	7.90%	8.86%
51	MAHOBA	105129	2433.18	4709	102.29	4.48%	4.20%
52	MAINPURI	171150	4645.76	3831	158.98	2.24%	3.42%
53	MATHURA	314024	13701.76	21061	480.18	6.71%	3.50%
54	MAU	153524	3433.42	12347	272.31	8.04%	7.93%
55	MEERUT	476360	22240.31	112516	3221.88	23.62%	14.49%
56	MIRZAPUR	205938	5033.31	13343	263.83	6.48%	5.24%
57	MORADABAD	308187	14641.16	129305	3610.54	41.96%	24.66%
58	MUZAFFARNAGAR	450539	14379.75	101937	2458.31	22.63%	17.10%
59	PILIBHIT	314803	6159.01	71329	1625.87	22.66%	26.40%
60	PRATAPGARH	295214	4981.63	25940	569.69	8.79%	11.44%
61	PRAYAGRAJ	513329	16924.16	56432	1697.51	10.99%	10.03%
62	RAE BARELI	367418	7978.19	23598	556.86	6.42%	6.98%
63	RAMPUR	254610	6826.79	99761	2370.61	39.18%	34.73%
64	SAHARANPUR	493263	13301.14	128361	2677.29	26.02%	20.13%
65	SAMBHAL	214104	5406.80	40233	944.38	18.79%	17.47%
66	SANT KABEER NAGAR	132788	2393.63	10898	241.35	8.21%	10.08%
67	SHAHJAHANPUR	351795	9662.09	54846	1501.81	15.59%	15.54%
68	SHAMLI	262544	4469.06	44465	731.30	16.94%	16.36%
69	SHRAVASTI	87924	1461.37	12176	179.08	13.85%	12.25%
70	SIDDHARTH NAGAR	156153	2734.54	17404	399.67	11.15%	14.62%
71	SITAPUR	387384	7229.53	40864	733.81	10.55%	10.15%
72	SONBHADRA	165468	4170.80	10960	225.57	6.62%	5.41%
73	SULTANPUR	229085	4407.75	22461	545.78	9.80%	12.38%
74	UNNAO	225330	4404.29	14101	285.49	6.26%	6.48%
75	VARANASI	577670	26855.60	90670	1467.75	15.70%	5.47%
	Total	**21589262**	**687121.82**	**2942407**	**68954.69**	**13.63%**	**10.04%**

Agenda No. 2

Annexure - 11

DISTRICT WISE LOANS OUTSTANDING TO MINORITY COMMUNITIES OF IDENTIFIED DISTRICTS AS ON 30.09.2026

No. in Actual and Amount in Rs.Crore

Sr. No.	Name of District	Priority Sector Advances		Advances to Minority Communities		% of Minority to Total PSA	
		No.	Amount	No.	Amount	No.	Amount
1	AMROHA	218896	5606.95	47767	1126.75	21.82%	20.10%
2	BAGHPAT	182912	3566.82	28788	553.90	15.74%	15.53%
3	BAHRAICH	292386	7053.88	59445	996.39	20.33%	14.13%
4	BALRAMPUR	123279	2684.08	22281	488.38	18.07%	18.20%
5	BARABANKI	329719	7657.65	24995	613.79	7.58%	8.02%
6	BAREILLY	490373	17830.36	128685	3108.76	26.24%	17.44%
7	BIJNOR	425079	9299.17	133855	2389.37	31.49%	25.69%
8	BUDAUN	294333	7083.63	40716	750.02	13.83%	10.59%
9	BULANDSHAHR	359666	10052.94	56728	892.40	15.77%	8.88%
10	GHAZIABAD	226567	34157.73	59006	2272.60	26.04%	6.65%
11	LAKHIMPUR KHERI	409996	9771.28	75634	1802.67	18.45%	18.45%
12	LUCKNOW	1441312	63624.26	287324	5586.72	19.93%	8.78%
13	MEERUT	476360	22240.31	112516	3221.88	23.62%	14.49%
14	MORADABAD	308187	14641.16	129305	3610.54	41.96%	24.66%
15	MUZAFFARNAGAR	450539	14379.75	101937	2458.31	22.63%	17.10%
16	PILIBHIT	314803	6159.01	71329	1625.87	22.66%	26.40%
17	RAMPUR	254610	6826.79	99761	2370.61	39.18%	34.73%
18	SAHARANPUR	493263	13301.14	128361	2677.29	26.02%	20.13%
19	SHAHJAHANPUR	351795	9662.09	54846	1501.81	15.59%	15.54%
20	SHRAVASTI	87924	1461.37	12176	179.08	13.85%	12.25%
21	SIDDHARTH NAGAR	156153	2734.54	17404	399.67	11.15%	14.62%
	Total	**7688152**	**269794.91**	**1692859**	**38626.81**	**22.02%**	**14.32%**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना
Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY)

➢ भारत सरकार द्वारा अति लघु इकाइयों के विकास तथा पुनर्वित्तपोषण संबंधी गतिविधियों हेतु एक नयी संस्था का गठन दिनांक 08.04.2015 को किया गया है जिसका नाम मुद्रा (MUDRA- Micro Units Development & Refinancing Agency Ltd.) है। इस योजना की शुरूआत गैर-कार्पोरेट, गैर-कृषि लघु / लघु उद्यमों को रू 10 लाख तक का ऋण प्रदान करने के लिए की गई है। इस योजना के अंतर्गत ऋण वाणिज्यिक बैंक, आरआरबी, लघु वित्त बैंक, सहकारी बैंक, एमएफआई और एनबीएफसी द्वारा प्रदान किये जा रहे हैं। उधारकर्ता ऊपर उल्लिखित किसी भी ऋण देने वाले संस्थान से संपर्क कर सकता है अथवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

➢ प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत निम्न योजनाओं का प्रावधान किया गया है:-

- शिशु : रू 50,000 तक के ऋण
- किशोर : रू 50,000 से अधिक तथा रू 5 लाख तक के ऋण
- तरुण : रू 5 लाख से रू 10 लाख तक के ऋण
- तरूण प्लस : रू 10 लाख से रू 20 लाख तक के ऋण

➢ वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान सितम्बर 2026 तक रू 35,208.52 करोड़ की धनराशि वितरित की गयी है। योजनांतर्गत बैंकवार/जनपदवार प्रगति रिपोर्ट संलग्नक - 12 (a) व 12 (b) के माध्यम से प्रस्तुत है।

➢ वित्तीय वर्ष 2026-27, सितम्बर 2026 तक संक्षेप में योजना की प्रगति निम्नानुसार है :-

(A/c in actual & Amt in Crore)

Shishu			Kishore			Tarun			Tarun Plus			Total		
(Loans up to Rs. 50,000)			(Loans from Rs. 50,001 to Rs. 5.00 Lakh)			(Loans from Rs. 5.00 to Rs. 10.00 Lakh)			(Loans from Rs. 10.00 to Rs. 20.00 Lakh)					
No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt	No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt	No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt	No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt	No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt
971820	3854.60	3836.94	1693940	19594.97	19430.07	146602	11228.60	11051.92	6377	899.69	889.59	2818739	35577.86	35208.52

PROGRESS UNDER PRADHAN MANTRI MUDRA YOJANA 01.04.2026 TO 30.09.2026 (BANK-WISE INCLUDING NBFCs)

(Amt. in Crores)

Sr. No.	Bank Name	Shishu (Loans up to Rs. 50,000)			Kishore (Loans from Rs. 50,001 to Rs. 5.00 Lakh)			Tarun (Loans from Rs. 5.00 to Rs. 10.00 Lakh)			Tarun Plus (Loans from Rs. 10.00 to Rs. 20.00 Lakh)			Total		
		No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt	No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt	No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt	No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt	No of A/Cs	Sanc. Amt	Disb. Amt
1	State Bank of India	66628	135.53	135.52	49031	1121.19	1119.22	9605	831.71	830.08	1339	201.32	201.32	126603	2289.76	2286.14
2	Bank of Baroda	18844	50.25	49.29	53242	1312.31	1305.07	13949	1216.15	1212.06	1329	237.87	237.87	87364	2816.57	2804.30
3	Bank of India	6797	18.78	17.29	9322	220.30	199.13	5403	410.90	392.09	5	0.73	0.73	21527	650.71	609.24
4	Bank of Maharashtra	232	0.55	0.29	1540	33.04	26.54	278	21.94	18.00	0	0.00	0.00	2050	55.53	44.83
5	Canara Bank	9206	21.59	21.52	28426	746.51	744.50	10158	879.56	877.33	200	33.83	33.83	47990	1681.49	1677.18
